# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची

पूरे विश्व में खेले जाने लोकप्रिय खेलों में से एक क्रिकेट का इतिहास काफी पुराना है, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत इंग्लैंड से हुई थी। क्रिकेट का खेल अब लगभग विश्व के 100 से अधिक देशों में खेला जाता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मुख्य तीन प्रारूप होते हैं:

- **टेस्ट क्रिकेट:** अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत साल 1877 में हुई थी। यह क्रिकेट का सबसे लम्बा स्वरूप होता है। टेस्ट क्रिकेट का प्रारूप 5 दिन का होता है, जिसमें एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। टेस्ट क्रिकेट में दोनों टीमों को दो-दो बार गेंदबाज़ी और बल्लेबाज़ी का मौक़ा मिलता है।
- **एकदिवसीय (वनडे) क्रिकेट:** एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) क्रिकेट की शुरुआत 05 जनवरी 1971 को हुई थी। वनडे क्रिकेट का प्रारूप एक दिन का होता है, जिसमें दो राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के बीच प्रति टीम 50 ओवर की प्रतियोगिता होती हैं। अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में दोनों ही टीमों को एक-एक बार गेंदबाज़ी और बल्लेबाज़ी का मौक़ा मिलता है।
- **ट्वेंटी-20 क्रिकेट:** अंतरराष्ट्रीय **ट्वेंटी-20 क्रिकेट** की शुरुआत 17 फरवरी 2005 को हुई थी। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सबसे छोटा प्रारूप है, जिसमें दो राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के बीच प्रति टीम 20 ओवर की प्रतियोगिता होती हैं। जिसमे दोनों ही टीमों को एक-एक बार गेंदबाज़ी और बल्लेबाज़ी का मौक़ा मिलता है।

क्रिकेट के इतिहास में बहुत से महान बल्लेबाजों ने अपना-अपना योगदान दिया है। 60-70 के दशक में गेंदबाजों का बोलबाला रहा है, लेकिन पिछले तीन चार दशकों से बल्लेबाजों ने क्रिकेट की पूरी रूपरेखा को ही बदल दिया है। 80 के दशक के बाद से ही क्रिकेट में बहुत ही शानदार बल्लेबाजों ने अपना जलवा बिखेरा है और बहुत बड़े-बड़े रिकॉर्ड बनाए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में भारत के पूर्व कप्तान **सचिन तेंदुलकर** पहले स्थान पर है। सचिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर मे 664 मैचो में भारत का प्रतिनिधित्व किया। सचिन ने एक दिवसीय क्रिकेट में 49 शतक तथा टेस्ट क्रिकेट में 51 शतक लगाए है। वही दूसरे स्थान पर पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग है। उन्होंने 560 अंतरराष्ट्रीय मैचो की 668 पारियो में बल्लेबाजी करते हुए 71 शतक लगाए। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान पोंटिंग ने टेस्ट क्रिकेट में 41 और एक दिवसीय क्रिकेट में 30 शतक लगाए थे। पूर्व श्रीलंकाई कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे

नंबर पर आते है। संगाकारा ने 594 मैचो की 666 पारियो मे बल्लेबाजी करते हुए 63 शतक लगाए। संगाकारा ने टेस्ट मैच मे 38 और वनडे मैचो मे 25 शतक लगाये थे। इस सूची की खास बात यह है कि इसमें नंबर 1, 5 और 9 नंबर पर 3 भारतीय खिलाड़ियों के नाम है। आइए जानते हैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले टॉप 10 बल्लेबाजों में कौन-कौन शामिल है:-

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची:**

| **खिलाडी का नाम** | **कुल शतक** | **देश** |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 100 | भारत |
| रिकी पोंटिंग | 71 | ऑस्ट्रेलिया |
| कुमार संगकारा | 63 | श्रीलंका |
| जैक्स कैलिस | 62 | दक्षिण अफ्रीका |
| विराट कोहली | 58 | भारत |
| महेला जयवर्धने | 54 | श्रीलंका |
| हाशिम अमला | 54 | दक्षिण अफ्रीका |
| ब्रायन लारा | 53 | वेस्टइंडीज |
| राहुल द्रविड़ | 48 | भारत |
| एबी डिविलियर्स | 45 | दक्षिण अफ्रीका |